# जलमण्डल

## अभ्यास प्रश्न

**1.) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

**(1) संसार का सबसे बड़ा महासागर है-**

(अ) अटलांटिक महासागर

(ब) प्रशान्त महासागर

(स) हिन्द महासागर

(द) आर्कटिक महासागर

उत्तर - (अ) अटलांटिक महासागर

**(2) हमारी पृथ्वी के कितने भाग पर जल है?**

(अ) 51 प्रतिशत

(ब) 61 प्रतिशत

(स) 71 प्रतिशत

(द) 81 प्रतिशत

उत्तर - (स) 71 प्रतिशत

**2.) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

**(1) पृथ्वी के ............... गोलार्द्ध में जल भाग अधिक है।**

पृथ्वी के दक्षिणी गोलार्द्ध में जल भाग अधिक है।

**(2) संसार का सबसे बड़ा गर्त ............... है।**

संसार का सबसे बड़ा करता मैरियाना है।

**3.) लघु उत्तरीय प्रश्न-**

**(1) संसार के प्रमुख महासागरों के नाम लिखिए।**

संसार के प्रमुख महासागरों के नाम -

प्रशांत महासागर

अटलांटिक महासागर

हिंद महासागर

आर्कटिक महासागर

**(2) महासागरों से कोई तीन लाभ लिखिए।**

महासागरों के लाभ

1.) धरती पर जो वर्षा होती है उसकी वजह होती है समुद्र की भाप। समुद्र से जो भाप उठाती है उस से ही धरातल पर वर्षा हो जाती है। यही वर्षा वनस्पति, जीव जंतु, मानव के लिए उपयोगी होती है।

2.) महासागरों की वजह से धरती पर तापमान का संतुलन रहता है।

3.) महासागर दो विभिन्न महाद्वीपों को जोड़ते हैं इस वजह से व्यापार संभव हो जाता है।

**(3) जलमण्डल किसे कहते हैं?**

पृथ्वी का तीन चौथाई भाग जल से गिरा हुआ है। पृथ्वी का जल से घिरा हुआ भाग जल मंडल कहलाता है।

**4.) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-**

**(1) जलचक्र का सचित्र वर्णन कीजिए।**

जलचक्र -

पृथ्वी के धरातल पर नदियां, झील, भूमिगत जल, तालाब, बर्फीले क्षेत्र सागर और महासागर यह पानी के मतलब जल के स्रोत है। इन स्रोतों से गर्मी में वाष्पीकरण अधिक होता है। यही वाष्प ऊपर जाकर ठंडी हो जाती है जिससे बादल बनते हैं। इन बादलों का रूपांतरण बूंद में होता है और इन्हीं बूंद से वर्षा हो जाती है। वर्ष का जल कुछ अंश में भूमि में समा जाता है और बाकी का जल नदी नाले महासागरों में पहुंच जाता है।

**(2) महासागरीय तली के विभिन्न रूपों का वर्णन कीजिए व नामांकित रेखाचित्र बनाइए।**

महासागरीय तली को चार भागों में बाटा जाता है।

महाद्वीपीय निमग्न तट -

महाद्वीपों के चारों ओर जो तट होते हैं उसके पास की भूमि जो जल में डूबी होती है उसे महाद्वीपीय निमग्न तट कहते हैं।

महाद्वीपीय निमग्न ढाल -

महाद्वीपीय निमग्न तट के समाप्ति के बाद महाद्वीपीय निमग्न ढाल का प्रारंभ हो जाता है इसकी गहराई तट से अधिक होती है।

महासागरीय गहरे मैदान-

महाद्वीपीय दल के बाद गहरी मैदान शुरू हो जाते हैं। यह मैदान समुद्र की तली का सबसे अधिक भाग घिरे हुए हैं।

महासागरीय गर्त-

समुद्र की ताली में कई सारे खड्ड होते हैं जिन्हें महासागरीय गर्त कहा जाता है।

अतिरिक्त प्रश्न -

**प्र.) 1 एक-एक वाक्य में उत्तर लिखो।**

**1.) जलमंडल में पानी के कौन-कौन से स्रोत सम्मिलित होते हैं?**

जलमंडल में महासागर, सागर, खड़िया, झील, नदिया, तलाब यह पानी के स्रोत सम्मिलित होते हैं।

**2.) समुद्र तली को बनावट के आधार पर कितने और कौन कौन से भागों में बांटा जा सकता है?**

समुद्र ताली को चार भागों में बांटा जा सकता है महाद्वीपीय निमग्न तट

महाद्वीपीय निमग्न ढाल

महासागरीय गहरे मैदान

महासागरीय गर्त

**3.) संसार का सबसे बड़ा गर्त कौन सा है?**

संसार का सबसे बड़ा गर्त मैरियाना है।

**4.) जल स्त्रोतों में वाष्पीकरण कब अधिक हो जाता है?**

गर्मी के समय जल स्त्रोतों में वाष्पीकरण अधिक हो जाता है।

**5.) जलचक्र किसे कहते है?**

पृथ्वी के तीन मंडलों में जल के आवागमन को जलचक्र कहते है।

**6.) धरातल पर तापमान बनाए रखने के लिए कौन उपयोगी होता हैं?**

धरातल पर तापमान बनाए रखने के लिए महासागर उपयोगी होते हैं?

**प्र.) 2 तीन से चार वाक्य में उत्तर लिखो।**

**1.) विश्व के बड़े महासागर कौन-कौन से हैं? जानकारी लिखो।**

विश्व के बड़े महासागर- प्रशांत महासागर, अटलांटिक महासागर, हिंद महासागर और आर्कटिक महासागर है।

**1.) प्रशांत महासागर -**

प्रशांत महासागर विश्व का सबसे बड़ा महासागर है। इसकी औसत गहराई लगभग 4200 मीटर है। दक्षिण अंटार्कटिका तक यह महासागर फैला है। इसमें कहीं गहरे गर्त है। संसार का सबसे बड़ा गर्त मैरियाना इसी महासागर में है।

**2.) अटलांटिक महासागर-**

यह विश्व का दूसरा सबसे बड़ा महासागर है। इसकी औसत गहराई लगभग 3000 मीटर है। यह उत्तर में बेफिन खड़ी, पूर्व में उत्तरी सागर से दक्षिण में अंटार्कटिका महाद्वीप तक फैला हुआ है।

**3.) हिंद महासागर -**

हिंद महासागर के औसत गहराई 3600 मीटर है। हिंद महासागर का विस्तार उत्तर में काम लेकिन दक्षिण में अधिक है। यह महासागर दक्षिण में अंटार्कटिका महाद्वीप तक फैला हुआ है।

**4.) आर्कटिक महासागर -**

आर्कटिक महासागर की औसत गहराई 1800 मीटर है। यह वर्ष के अधिकांश समय बर्फ से ढका रहता है। यह उत्तरी ध्रुव के चारों ओर फैला है।

**2.) महासागरों से मिलने वाले लाभ कौन से है?**

महासागर से मिलने वाले लाभ -

भूमि पर वर्षा -

समुद्र से जो भाप उठती है उस वजह से संपूर्ण धरातल पर वर्षा होती है। यह वर्षा सभी सजीवों के लिए उपयोगी होती हैं।

तापमान का संतुलन -

महासागरों की वजह से धरातल पर तापमान संतुलन में रहता है।

आवागमन के साधन -

महासागर संसार के महाद्वीपों को जोड़ते हैं। इस वजह से आंतराष्ट्रीय व्यापार संभव हो गया है।

**3.) जल का उपयोग किस लिए किया जाता हैं?**

सजीवो के जीवन में जल का बहुत महत्व है। सजिवो को पीने से लेकर हर कार्य करने के लिए पानी की जरूरत होती हैं। पेड़ पौधों को भी पानी की जरूरत होती हैं। आज कल विद्युत का निर्माण भी पानी की सहायता से किया जाता है। अगर इस धरातल पर पानी नही होगा तो सजीव नष्ट हो जाएंगे।

**प्र.)  3 रिक्त स्थानों की पूर्ति करो।**

**1.)  उत्तरी गोलार्द्ध में जल भाग कम और ..............में जल भाग अधिक है।**

उत्तरी गोलार्द्ध में जल भाग कम और दक्षिणी गोलार्द्ध में जल भाग अधिक है।

**2.)  महाद्वीपों के चारों ओर तट के पास की भूमि, जो जल में डूबी होती है, उसे .) .................... कहते हैं।**

महाद्वीपों के चारों ओर तट के पास की भूमि, जो जल में डूबी होती है, उसे "महाद्वीपीय निमग्न तट" कहते हैं।

**3.)  महाद्वीपीय निमग्न तट . ............... के भण्डार माने जाते हैं।**

महाद्वीपीय निमग्न तट मछलियों के भण्डार माने जाते हैं।

**4.)  महासागर खनिजों के भण्डार, सुरक्षा के उत्तम साधन, मछलियों के भण्डार एवं ....... ............ से परिपूर्ण माने गए है।**

महासागर खनिजों के भण्डार, सुरक्षा के उत्तम साधन, मछलियों के भण्डार एवं प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण माने गए है।

**5.)  जलवाष्प ऊपर उठकर ठण्डी हो जाती है, जिससे ................  बनते हैं।**

जलवाष्प ऊपर उठकर ठण्डी हो जाती है, जिससे बादल बनते हैं।

**6.)  ....... ...... में अर्थात जलमण्डल से वायुमण्डल, वायुमण्डल से धलमण्डल और थलमण्डल से जलमण्डल में लगातार आता-जाता रहता है।**

मण्डलों में अर्थात जलमण्डल से वायुमण्डल, वायुमण्डल से धलमण्डल और थलमण्डल से जलमण्डल में लगातार आता-जाता रहता है।

**प्र.)  4 जोड़ियां लगाओ।**

1.)  प्रशांत महासागर -          मछलियों के भंडार

2.)  अटलांटिक महासागर -     औसत गहराई 1800 मी

3.)  आर्कटिक महासागर -           मैरियाना

4.)  महाद्वीपीय निमग्न तट -      औसत गहराई 3000 मी

5.)  संसार का सबसे बड़ा गर्त -   औसत गहराई 4200 मी

**उत्तर -**

1.)  प्रशांत महासागर -          औसत गहराई 4200 मी

2.) अटलांटिक महासागर - औसत गहराई 3000 मी

3.) आर्कटिक महासागर - औसत गहराई 1800 मी

4.) महाद्वीपीय निमग्न तट - मछलियों के भंडार

5.) संसार का सबसे बड़ा गर्त - मैरियाना